# हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

मंगलवार, 03 अक्तूबर 2017, नगर/नोएडा, पांच प्रदेश, 20 संस्करण www.livehindustan.com


# विद्यार्थियों ने नृत्य और गायन से मन मोहा

ग्रेटर नोएडा | संवाददाता


बिरला इंस्टीट्यूट ने सोमवार को अपना 30वां स्थापना दिवस मनाया। छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गायन, कथा वाचन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी। साथ ही कॉलेज की परंपरा के तहत सामुदायिक दावत का आयोजन किया गया। रात में अस्मिता ग्रुप ने 'मर्द' नाटक का मंचन किया। इसे सभी ने सराहा।

बिरला इंस्टीट्यूट के 30वें स्थापना दिवस पर आठ दिवसीय कार्यक्रम सबरंग उत्सव चल रहा है। कॉलेज के निदेशक डॉ. हरिवंश चतुर्वेदी ने बताया कि दो अक्टूबर के दिन ही कॉलेज की स्थापना की गई थी। गांधी जयंती पर सोमवार को कार्यक्रम की शुरुआत फाउंडेशन डे लेक्चर के साथ हुई। मुख्य अतिथि इंफोएज कंपनी के संस्थापक

## कार्यक्रम

- बिरला इंस्टीट्यूट के 30वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम
- 'मर्द' नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया, सभी ने सराहा

और उपाध्यक्ष संजीव भीखचंदानी और हिन्दुस्तान टाइम्स के मुख्य संपादक आर सुकुमार रहे। दोपहर बाद सामुदायिक दावत का आयोजन हुआ। उन्होंने बताया कि यह परंपरा कई सालों से चली आ रही है। छात्र और अन्य स्टाफ विभिन्न समुदायों को भोज परोसते हैं। इस दावत का उद्देश्य जन-समानता में विश्वास और समाज कल्याण की विचारधारा को बढ़ावा देना है। कॉलेज की रंगनाथन सोसायटी ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। 100 से अधिक विद्यार्थियों ने रक्तदान किया।



बिरला इंस्टीट्यूट के 30वें स्थापना दिवस पर सोमवार को कार्यक्रम पेश करते छात्र। • श्रीकुमार बाजपेयी